प्रेस-नोट

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने पटवारी को **2** हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर 7 नवंबर।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) स्पेशल टीम उदयपुर ने मंगलवार को कार्यवाही करते हुए पटवार हल्का कलड़वास तहसील गिर्वा जिला उदयपुर में कार्यरत पटवारी हरी प्रसाद चौबीसा को 2 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरिक्षक श्री वी के सिंह ने बताया कि परिवादी हेमंत सालवी ने एसीबी में यह शिकायत दी कि उसके एग्रीकल्चर प्लॉट का नामांतरण खोलने की एवज में उससे पटवारी हरी प्रसाद चौबीसा 2 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्पेशल यूनिट उदयपुर श्री सुरेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवा कर आज पटवारी हरिप्रसाद चौबीसा को 2 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवम अग्रिम कार्यवाही जारी हैं।